**कक्षा - V**

**मध्यावधि परीक्षा - 2024**

**नाम -** **दिनाँक - 9.9.24**

**अनुक्रमांक -** **कुल अंक - 60**

**समय अवधि - 2.5 घंटे** **विषय - हिंदी**

**भाग - क**

**क गदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(5)**

सच्चा मित्र शिक्षक की तरह होता है। जिस प्रकार शिक्षक अपने छात्रों को अच्छाई तथा सही मार्ग की ओर ले जाता है , उसी प्रकार सच्चा मित्र भी अपने मित्र को बुराई की ओर जाने से रोकता है । सच्चा मित्र एक खज़ाने की तरह है। जिसे जीवन में सच्चा मित्र मिल गया , समझो उसे बहुत बड़ा खज़ाना मिल गया । कभी-कभी मानव जीवन में ऐसे अवसर भी आते हैं जब मनुष्य निराश हो जाता है । जीवन के प्रति उसका मोह समाप्त हो जाता है । ऐसी अवस्था में सच्चा मित्र आशा की किरण बनकर जीवन के प्रति आकर्षण पैदा करता है । जीवन में जिसे सच्चा मित्र मिल गया , वह सौभाग्यशाली है ।

1 सच्चा मित्र किस की तरह होता है ?

2 शिक्षक अपने छात्रों को किस ओर ले जाता है ?

3 'दुर्भाग्यशाली' का विलोम गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

4 'पथ' शब्द का एक समानार्थी गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

5 गदयांश का उचित शीर्षक लिखें ।

**ख विशेषण शब्द रेखांकित करें और उनके भेद लिखें -** **(3)**

6 सोहम के स्कूल के जूते काले हैं । ____________________

7 मेज़ पर कुछ फल रखें हैं । _____________________

8 मुझे आधा किलो पनीर चाहिए । _____________________

**ग रिक्त स्थानों में उचित विशेषण शब्द भरें -** **(3)**

9 ____________ आदमी दरवाजे पर खड़ा है ।

10 रवि बहुत _______________ लड़का है ।

11 ___________ मकान बिक रहा है ।

**घ मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ -** **(3)**

12 घी के दीये जलाना 13 दिन-रात एक करना

**ङ रिक्त स्थानों में संबंधबोधक शब्द लिखें -** **(5)**

14 अलमारी ____________ पुस्तकें रखीं हैं ।

15 बारिश ______________ बादल गरजने लगे ।

16 गर्मी _______________ बुरा हाल है ।

17 रात होने ____________ घर आ जाना ।

18 विद्या ______________ जीवन असफल है ।

**च उपसर्ग लगाकर दो-दो नए शब्द बनाकर लिखें -** **(6)**

19 अप 20 सु 21 स्व

**छ वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें -** **(5)**

22 जानने की इच्छा रखने वाला -

23 जो प्रशंसा के योग्य हो -

24 जिसका कोई अंत न हो -

25 स्वार्थ की भावना रखने वाला -

26 जिसके हृदय में दया न हो -

## भाग - ख

**ज सही विकल्प चुन कर लिखें -** **(2)**

27 आम का किससे गहरा संबंध है ?

i आश्रम से ii भारत से iii पेड़ से

28 वल्लिका के मामा कहाँ रहते हैं ?

i तिरुअनंतपुरम ii महाराष्ट्र iii आंध्रप्रदेश

29 कलाकार के बेटे का क्या नाम था ?

i हामिद ii हितेश iii हर्ष

30 लहरें कैसे स्वर में गाती हैं ?

i मधुर ii कटु iii खट्टे

**झ उद्धरण पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**“ मुझमें लौह तत्व की प्रधानता होने के कारण मैं नया खून बनाता हूँ और आँतों को शक्ति प्रदान करता हूँ । “**

31 यह उद्धरण किस पाठ में से लिया गया है ?

32 ‘मुझमें’ शब्द किस के लिए प्रयोग हुआ है ?

33 किसे शक्ति प्रदान करने की बात हो रही है ?

**ञ पदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**अपने संग खेल खिलाने ये , शशि को उतार लाई नभ से ।**
**हर एक लहर के साथ-साथ , शशि भी खेल रहा तब से ।**
**कैसे धीमे-धीमे जल के , झूले पर उसे झुलाती हैं ।**
**माँ ! ये लहरें भी गाती हैं ।**

34 यह पदयांश किस कविता में से लिया गया है ?

35 लहरों के साथ कौन खेल रहा है ?

36 लहरों ने किस का झूला बनाया है ?

**ट निम्न शब्दों के अर्थ लिखें -** **(3)**

37 मचलना - 38 उपलक्ष्य - 39 ईर्ष्या -

**ठ संज्ञा से विशेषण बनाएँ -** **(1)**

40 वर्ष - 41 सुरक्षा -

**ड एक-एक समानार्थी शब्द लिखें -** **(1)**

42 उमंग - 43 तट -

**ढ रिक्त स्थान भरें -** **(1)**

44 सोनू निगम महान _______________ हैं ।

45 विदेशी कलाकारों का नृत्य देखकर ________________ मंत्रमुग्ध हो गए ।

**ण सही वर्तनी ( Spellings ) चुन कर लिखें -** **(2)**

46 बेमिसाल बेमीसाल बेमिसल

47 प्रीतीभोज प्रीतिभोज प्रीटिभोज

48 झूलाती झुल्ती झुलाती

49 निसचित निश्चित निशचित

**त अति लघु प्रश्न -** **(1x3=3)**

50 मंजरी कौन थी ?

51 वल्लिका के परिवार का मुख्य भोजन क्या है ?

52 आम का जन्म-स्थान क्या बताया गया है ?

**थ लघु प्रश्न -** **(1.5x2=3)**

53 मंजरी को कनक अच्छी क्यों नहीं लगती थी ?

54 ओणम त्योहार की मुख्य विशेषता क्या है ?

**द मूल्यपरक प्रश्न -** **(2)**

55 आम स्वास्थ्य के लिए क्यों गुणकारी है ?

**ध संकेतो के आधार पर मेले का दृश्य अनुच्छेद लिखें -** **(6)**

56 पिछले रविवार - सपरिवार जाना - दीपावली का मेला - सुंदर सजावट - भीड़भाड़ - विभिन्न स्टॉल - सजावट की चीज़ें - मिठाइयाँ - खरीददारी - संध्या समय - घर वापसी

**कक्षा - V**

**मध्यावधि परीक्षा - 2024**

**नाम -** **उत्तर कुंजी** **दिनाँक - 9.9.24**

**अनुक्रमांक -** **कुल अंक - 60**

**समय अवधि - 2.5 घंटे** **विषय - हिंदी**

**भाग - क**

**क गदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(5)**

सच्चा मित्र शिक्षक की तरह होता है। जिस प्रकार शिक्षक अपने छात्रों को अच्छाई तथा सही मार्ग की ओर ले जाता है , उसी प्रकार सच्चा मित्र भी अपने मित्र को बुराई की ओर जाने से रोकता है । सच्चा मित्र एक खज़ाने की तरह है। जिसे जीवन में सच्चा मित्र मिल गया , समझो उसे बहुत बड़ा खज़ाना मिल गया । कभी-कभी मानव जीवन में ऐसे अवसर भी आते हैं जब मनुष्य निराश हो जाता है । जीवन के प्रति उसका मोह समाप्त हो जाता है । ऐसी अवस्था में सच्चा मित्र आशा की किरण बनकर जीवन के प्रति आकर्षण पैदा करता है । जीवन में जिसे सच्चा मित्र मिल गया , वह सौभाग्यशाली है ।

1 सच्चा मित्र किस की तरह होता है ?

**उ - सच्चा मित्र शिक्षक की तरह होता है ।**

2 शिक्षक अपने छात्रों को किस ओर ले जाता है ?

**उ - शिक्षक अपने छात्रों को अच्छाई तथा सही मार्ग की ओर ले जाता है ।**

3 'दुर्भाग्यशाली' का विलोम गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

**उ - सौभाग्यशाली ।**

4 'पथ' शब्द का एक समानार्थी गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

**उ - मार्ग ।**

5 गदयांश का उचित शीर्षक लिखें ।

**उ - सच्चा मित्र , सच्चे मित्र का महत्व ।**

**ख विशेषण शब्द रेखांकित करें और उनके भेद लिखें -** **(3)**

6 सोहम के स्कूल के जूते **काले** हैं । **गुणवाचक विशेषण**

7 मेज़ पर **कुछ** फल रखें हैं । **संख्यावाचक विशेषण , परिमाणवाचक विशेषण**

8 मुझे **आधा किलो** पनीर चाहिए । **परिमाणवाचक विशेषण**

**ग रिक्त स्थानों में उचित विशेषण शब्द भरें -** **(3)**

9 **बूढ़ा , लंबा** आदमी दरवाजे पर खड़ा है ।

10 रवि बहुत **चालाक , चतुर , होशियार** लड़का है ।

11 **<u>वह , उसका , यह</u>** मकान बिक रहा है ।

**घ मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ -** **(3)**

12 घी के दीये जलाना - **( खुशियाँ मनाना ) - श्री राम भगवान के अयोध्या लौटने पर लोगों ने घी के दीये जलाए ।** 13 दिन-रात एक करना - **( बहुत मेहनत करना ) - परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए मैंने दिन-रात एक कर दिया ।**

**ङ रिक्त स्थानों में संबंधबोधक शब्द लिखें-** **(5)**

14 अलमारी **के <u>अंदर</u>** पुस्तकें रखीं हैं ।

15 बारिश **<u>से पहले</u>** बादल गरजने लगे ।

16 गर्मी **<u>के मारे</u>** बुरा हाल है ।

17 रात होने **<u>से पहले</u>** घर आ जाना ।

18 विद्या **<u>के बिना</u>** जीवन असफल है ।

**च उपसर्ग लगाकर दो-दो नए शब्द बनाकर लिखें -** **(6)**

19 अप - **अपकार,अपयश,अपवाद,अपमान** 20 सु - **सुकुमार,सुयश,सुपुत्र,सुशिक्षित**

21 स्व - **स्वराज,स्वतंत्र,स्वदेश,**

**छ वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें -** **(5)**

22 जानने की इच्छा रखने वाला - **जिज्ञासु**

23 जो प्रशंसा के योग्य हो - **प्रशंसनीय**

24 जिसका कोई अंत न हो - **अनंत**

25 स्वार्थ की भावना रखने वाला - **स्वार्थी**

26 जिसके हृदय में दया न हो - **निर्दयी**

**भाग - ख**

**ज सही विकल्प चुन कर लिखें -** **(2)**

27 आम का किससे गहरा संबंध है ?

i आश्रम से ✓ii भारत से iii पेड़ से

28 वल्लिका के मामा कहाँ रहते हैं ?

✓i तिरुअनंतपुरम ii महाराष्ट्र iii आंध्रप्रदेश

29 कलाकार के बेटे का क्या नाम था ?

i हामिद ii हितेश ✓iii हर्ष

30 लहरें कैसे स्वर में गाती हैं ?

✓i मधुर ii कटु iii खट्टे

**झ उद्धरण पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**" मुझमें लौह तत्व की प्रधानता होने के कारण मैं नया खून बनाता हूँ और आँतों को शक्ति प्रदान करता हूँ । "**

31 यह उद्धरण किस पाठ में से लिया गया है ?

**उ - यह उद्धरण 'मैं आम हूँ' पाठ से लिया गया है ।**

32 'मुझमें' शब्द किस के लिए प्रयोग हुआ है ?

**उ - 'मुझमें' शब्द आम के लिए प्रयोग हुआ है ।**

33 किसे शक्ति प्रदान करने की बात हो रही है ?

**उ - आँतों को शक्ति प्रदान करने की बात हो रही है ।**

**ञ पदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**अपने संग खेल खिलाने ये , शशि को उतार लाई नभ से ।**
**हर एक लहर के साथ-साथ , शशि भी खेल रहा तब से ।**
**कैसे धीमे-धीमे जल के , झूले पर उसे झुलाती हैं ।**
**माँ ! ये लहरें भी गाती हैं ।**

34 यह पदयांश किस कविता में से लिया गया है ?

**उ - यह पदयांश 'लहरों का गीत' पाठ से लिया गया है ।**

35 लहरों के साथ कौन खेल रहा है ?

**उ - लहरों के साथ शशि खेल रहा है ।**

36 लहरों ने किस का झूला बनाया है ?

**उ - लहरों ने जल का झूला बनाया है ।**

**ट निम्न शब्दों के अर्थ लिखें -** **(3)**

37 मचलना - **अड़ना,इतराना** 38 उपलक्ष्य - **अवसर** 39 ईर्ष्या - **जलन**

**ठ संज्ञा से विशेषण बनाएँ -** **(1)**

40 वर्ष **- वार्षिक** 41 सुरक्षा - **सुरक्षित**

**ड एक-एक समानार्थी शब्द लिखें -** **(1)**

42 उमंग - **उत्साह,जोश** 43 तट - **कूल ,किनारा**

**ढ रिक्त स्थान भरें -** **(1)**

44 सोनू निगम महान **गायक** हैं ।

45 विदेशी कलाकारों का नृत्य देखकर **दर्शक** मंत्रमुग्ध हो गए ।

**ण सही वर्तनी ( Spellings ) चुन कर लिखें -** **(2)**

46 **बेमिसाल** बेमीसाल बेमिसल

47 प्रीतीभोज **प्रीतिभोज** प्रीटिभोज

48 झूलाती झुल्ती **झुलाती**

49 निसचित **निश्चित** निशचित

**त अति लघु प्रश्न -** **(1x3=3)**

50 मंजरी कौन थी ?

**उ - मंजरी कलाकार के मित्र की बेटी थी ।**

51 वल्लिका के परिवार का मुख्य भोजन क्या है ?

**उ - चावल,मछली और साग-सब्ज़ी उसके परिवार का मुख्य भोजन है ।**

52 आम का जन्म-स्थान क्या बताया गया है ?

**उ - आम का जन्म स्थान कणव ऋषि का आश्रम बताया गया है ।**

**थ लघु प्रश्न -** **(1.5x2=3)**

53 मंजरी को कनक अच्छी क्यों नहीं लगती थी ?

**उ - कनक एक गरीब लड़की थी । वह रंग-रूप से सुन्दर नहीं थी। हर्ष के साथ उसकी मित्रता मंजरी को बिलकुल (बिल्कुल) नहीं भाती थी। कनक भी हर्ष की तरह समुद्र की लहरों पर बेखौफ तैरती थी। इन्हीं कारणों से मंजरी को कनक अच्छी नहीं लगती थी।**

54 ओणम त्योहार की मुख्य विशेषता क्या है ?

**उ - लैगूनों में होने वाली नौका दौड़ ओणम त्योहार की मुख्य विशेषता या आकर्षण होता है। नौका दौड़ देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ती है ।**

**द मूल्यपरक प्रश्न -** **(2)**

55 आम स्वास्थ्य के लिए क्यों गुणकारी है ?

**उ - आम खनिज तत्वों,विटामिन'ए ' और 'सी' से भरपूर होता है। यह आँतों को शक्ति प्रदान करता है। रेशा-प्रदान होने के कारण कब्ज़ दूर करता है तथा दूध के साथ इसका सेवन करने से शरीर को बल और शक्ति मिलती है। इसीलिए इसे स्वास्थ्य के लिए गुणकारी माना जाता है।**

**ध संकेतो के आधार पर मेले का दृश्य अनुच्छेद लिखें -** **(6)**

56 पिछले रविवार - सपरिवार जाना - दीपावली का मेला - सुंदर सजावट - भीड़भाड़ - विभिन्न स्टॉल - सजावट की चीज़ें - मिठाइयाँ - खरीददारी - संध्या समय - घर वापसी

**(छात्रगण स्वयं करेंगे)**